प्रेस नोट जनपद रामपुर दिनांक 24.07.2022

twitter-@rampurpolice FB-रामपुर पुलिस
Telegram-@rampurpolice

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली महोदय, श्री राजकुमार तथा श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद महोदय श्री शलभ माथुर तथा श्रीमान पुलिस अधीक्षक, रामपुर श्री अशोक कुमार शुक्ला द्वारा कांवडियों को कराया गया सूक्ष्म जलपान

श्रावण मास के द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ सोमवार तथा महाशिवरात्रि के पर्व पर श्रद्धालुओं एवं कांवडियों द्वारा पवित्र नदियों से जल लाकर शिवालयों में जलाभिषेक किया जाता है। रामपुर पुलिस शिवभक्तों/कांवडियों की सुरक्षा, सहायता के लिए तत्परता से कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में कांवडियों की सहायता के लिए रामपुर बाईपास जीरो प्वाइंट थाना सिविल लाइन पर बनाये गये पुलिस कन्ट्रोल रूम/सहायता शिविर पर पहुॅचकर श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली महोदय, श्री राजकुमार तथा श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद महोदय श्री शलभ माथुर एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक, रामपुर श्री अशोक कुमार शुक्ला द्वारा मूलभूत सुविधाओं को चेक किया गया एवं रूट डायवर्जन व यातायात को सुगम बनाने के लिए डयूटी पर लगे पुलिस बल को चेक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली महोदय, श्री राजकुमार तथा श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद महोदय श्री शलभ माथुर एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक, रामपुर श्री अशोक कुमार शुक्ला द्वारा श्रद्धालुओं/कांवडियों को सूक्ष्म जलपान कराया गया। इस दौरान श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर डा0 संसार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर, रामपुर श्री अनुज कुमार चौधरी, क्षेत्राधिकारी पुलिस कार्यालय/पुलिस लाइन, रामपुर श्री रवि खोखर सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।